पंजाब केसरी 25/04/2024

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में मतदान पर हुई निबंध लेखन प्रतियोगिता

अम्बाला, 24 अप्रैल (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में स्वीप अभियान के तहत प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में सुव्यवस्थित मतदान, मतदाता जागरुकता एवं सहभागिता कार्यक्रम के तहत निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

अपने संबोधन में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने मत का प्रयोग पूर्ण रूप से निर्भय होकर करना चाहिए। देश के संपूर्ण विकास के लिए मतदान बेहद आवश्यक है, इसके जरिए ही हम एक मजबूत एवं सशक्त सरकार बना सकते हैं और एक आदर्श भारत का निर्माण कर सकते हैं।

कार्यक्रम की संयोजिका डा. सीमा कंसल ने कहा कि इस निबंध लेखन प्रतियोगिता के तहत छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। जो मतदाता किसी कारणवश मतदान नहीं करते, उन्हें मतदान अवश्य करना चाहिए।

भारतीय संविधान द्वारा हमें यह विशेष अधिकार दिया गया है कि हम मतदान के माध्यम से किसी भी उम्मीदवार को चुनकर अपने मत का सही इस्तेमाल कर सकते हैं।

निबंध लेखन प्रतियोगिता की विजेता को सम्मानित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (देवदत्त)